भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

**Title:**सभी को

**Reference No.:**IRDAI/HR/INTERNSHIP/2021 **Date:**25/03/2021

आईआरडीएआई में इंटर्नशिप

संदर्भ सं. : आईआरडीएआई/एचआर/इंटर्नशिप/2021 26 मार्च, 2021
Ref. No: IRDAI/HR/INTERNSHIP/2021 26thMarch, 2021

<u>आईआरडीएआई में इंटर्नशिप</u>
**<u>Internship in IRDAI</u>**

-

प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं से स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या अनुसंधान कर रहे विद्यार्थियों के लिए आईआरडीएआई ग्रीष्म-अवकाश के दौरान इंटर्नशिप का प्रस्ताव पेश करता है।
IRDAI proposes to offer internship to students who are pursuing Graduate and Postgraduate courses or Research from reputed universities and educational institutions during the summer recess**.**

इंटर्नशिप के नियम और शर्तें निम्न प्रकार हैं।
The terms and conditions of internship are as under.

1. विद्यार्थियों के लिए पात्रता की शर्तें:
The eligibility conditions for the students:

(क) स्नातक स्तर की पढ़ाई कर रहे अंतिम से पूर्व वर्ष (पाँच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे विधि स्नातकों के मामले में चतुर्थ वर्ष ) के शानदार अकादमिक रिकार्ड रखने वाले प्रामाणिक विद्यार्थी; या
(a) Bona-fide students in the pre-final of their graduation (4th year, in the case of Law graduates pursuing Five year integrated course) with consistent excellent academic records; or

(ख) स्नातक डिग्रीधारी विद्यार्थी और जो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतिम से पूर्व वर्ष में हैं; या
(b) Students possessing graduation degree and are in the pre-final year of post graduation; or

(ग) विद्यार्थी जो एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री की पढ़ाई कर रहे हैं;या
(c) Students who are pursuing one year Master’s Degree; or

(d) स्नातकोत्तर डिग्रीधारी विद्यार्थी जो बीमा/अर्थशास्त्र/वित्त/प्रबंधन में पूर्णकालिक अनुसंधान पाठ्यक्रम की पढाई कर रहे हैं।
(d) Students possessing postgraduate degree and pursuing full time Research courses n Insurance/Economics / Finance / Management.

2. इंटर्न विश्वविद्यालय/शिक्षासंस्थान का नियमित विद्यार्थी होगा।

The Intern shall be a regular student of the university/institution.

3. इंटर्नशिप कार्यक्रम केवल भारतीय नागरिकों के लिए खुला है।
The internship program is open to Indian citizens only.

4. इंटर्नशिप, विनियामक परिप्रेक्ष्य से केवल बीमा-क्षेत्र में परियोजना को पूरा करने/प्रशिक्षण पाने के लिए है। इंटर्नशिप की न्यूनतम अवधि दो महीने और अधिकतम तीन महीने है।
The internship is for carrying out project/get training in the area of insurance only from regulatory perspective. The minimum duration of the internship is two months and a maximum of three months.

5. एक संवीक्षा समिति होगी जो आवेदनों की जाँच करेगी और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए आवेदकों का चयन करेगी। यदि आवश्यकता हुई तो चयनित आवेदकों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा और चयन-समिति प्रत्याशियों के नामों की अनुशंसा करेगी। केवल इंटर्नशिप के लिए चयनित प्रत्याशियों को ही सूचित किया जाएगा।
There will be a Scrutiny Committee which will scrutinize the applications and shortlist the applicants for the personal interview. The shortlisted applicants will be called for the personal interview, if required, and the Selection Committee will recommend the names of the candidates. Only the candidates who are selected for internship will be intimated.

6. उनके प्रत्यय-पत्र के आधार पर और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी योग्यता और या रुचि के आधार पर और स्क्रीनिंग समिति द्वारा चुनाव के अनुसार, आईआरडीएआई उन्हें इंटर्नशिप का प्रस्ताव देने पर विचार कर सकता है।
Based on their credentials, the IRDAI may consider offering them internship in different areas based on their aptitude and/or interest and as per selection by the Screening Committee.

7. इंटर्नशिप से प्रदेयों का फैसले इंटर्नशिप का प्रस्ताव करते समय ही किए जाते हैं। इंटर्न से , इंटर्नशिप के लिए रिपोर्ट करने से पूर्व गोपनीयता की घोषणा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
The deliverables from the internship are decided at the time of offering the internship itself. The interns are required to furnish a declaration of secrecy before reporting for the Internship.

8. मई 2021 में आरंभ होने वाली इंटर्नशिप हैदराबाद स्थित आईआरडीएआई के प्रधान कार्यालय में दी जाएगी। आईआरडीएआई इंटर्न को कार्यालय स्थान, इंटरनेट कनेक्टिविटी सुविधा और अन्य सहायक सुविधाएँ उपलब्ध करायेगा। इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई द्वारा इंटर्न को कोई अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
Internship will be offered at IRDAI's Head Office in Hyderabad commencing in May, 2021. IRDAI will provide office space, internet connectivity and other support facilities to the interns. Apart from this, no other facilities shall be provided to the interns by IRDAI.

9. इंटर्न को प्रतिमाह 15,000/- रुपये की वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा। चुने गये बाह्य स्थान के प्रत्याशियों को आने-जाने के लिए एकल द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित रेलवे किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी। परियोजना आरंभ करने के लिए वास्तविक एकल रेलवे द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित रेलवे किराये की गणना, उनके निवास स्थान/उनके शिक्षण संस्थान से ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के स्थान तक निकटतम मार्ग से की जाएगी। इनके अतिरिक्त, कोई अन्य परिश्रमिक या भुगतान नहीं होगा।
The interns will be paid a stipend of Rs. 15,000/- per month. Selected outstation candidates will be reimbursed to and fro actual single II AC railway fare. The actual single II AC railway fare will be reckoned by the shortest route from the place of their residence/place of their institute to place of summer internship for undertaking the project. Apart from these, there will be no other remuneration or payment.

10. इंटर्न का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे अपने रहने के स्थान और लैपटॉप के लिए व्यवस्था स्वयं करें। कार्य करने के स्थान/इंटरनेट सुविधा और आवश्यक मानने योग्य अन्य आवश्यकताएँ आईआरडीएआई द्वारा उपलब्ध करायी जाएंगी।
It shall be the responsibility of the Interns to make their own arrangements for accommodation and laptops. Working space/internet facility and also other necessities as deemed fit will be provided by IRDAI.

11. परियोजना की निगरानी आवंटित विभाग के पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा की जाएगी, जो परियोजना के मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा।
The project will be monitored by a Supervising Official of the Department allocated who will act as Project Guide.

12. परियोजना की समाप्ति पर, इंटर्न को आईआरडीएआई में विभागाध्यक्षों को परियोजना के संबंध में एक प्रस्तुति देनी होगी और मानव संसाधन विभाग को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इंटर्न आईआरडीएआई पुस्तकालय को एक रिपोर्ट/ कार्यकारी प्रोटोटाइप/मॉडल भी प्रस्तुत करेगा।
On completion of the project, the intern will have to make a presentation on the Project to the HODs in IRDAI and submit a report to HR Department. The Intern will also submit a report / working prototype / model to the IRDAI Library.

13. इंटर्नों की संख्या लगभग 10 होगी।
The number of interns will be around 10.

14. आईआरडीएआई, जैसा कि उचित निर्णय लिया जा सकता है, सभी अनुसंधान और अकादमिक आउटपुट का इस्तेमाल करने को स्वतंत्र होगा।
IRDAI shall be free to use all the research and academic output as may be appropriately decided.

15. इंटर्न को, उनकी इंटर्नशिप के आधार पर आईआरडीएआई में नियुक्ति का अधिकार नही होगा।
The interns shall have no right/claim for an appointment in IRDAI by virtue of their internship.

16. आईआरडीएआई, यदि उचित समझे और बिना कोई कारण बताये, इंटर्न को किसी भी समय कार्यक्रम को समाप्त करने का अनुदेश दे सकता है। इस संबंध में आईआरडीएआई का निर्णय अंतिम होगा। इंटर्न, यदि चाहता/चाहती है तो, आईआरडीएआई को एक महीने की पूर्व सूचना देते हुए कार्यक्रम को छोडना पसंद कर सकता/सकती है। यदि किसी परिस्थितिवश, इंटर्न नोटिस अवधि की शर्त को पूरा करने में असमर्थ है तो उसको एक महीने की वृत्तिका के बराबर राशि का भुगतान करना होगा।

IRDAI can instruct the intern to terminate the programme at any time, as IRDAI deems fit, and without showing any reason. IRDAI's decision shall be final in this regard. Intern can choose to leave the programme, if she / he so desires, giving prior notice of one month to IRDAI. If under any circumstances, the intern is unable to serve the notice period she/ he would have to pay an amount equivalent to one month's stipend.

17. रुचि रखने वाले विद्यार्थी निम्नलिखित लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं:
Interested students may apply through the following link:

https://www.irdai.gov.in/internship

18. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल, 2021 को अपराह्न 5.30 तक या उससे पूर्व है। आवेदनकर्ताओं को, अपने छायाचित्र, हस्ताक्षर, शिक्षा संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान-पत्र और निर्धारित प्रारूप में प्रायोजक संस्था/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करना होगा। प्रायोजक संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र के लिए प्रारूप अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

The last date of submission of application is on or before 5.30 PM on 16th April, 2021. Applicants have to upload a scanned copy of their photograph, signature, Identity card issued by institution/college/University and Certificate from the sponsoring institution/college/university in the prescribed format. The format for Certificate from the sponsoring institution/college/university is given in Annexure-1.

**19.** संलग्नकों को अपलोड करने के लिए दिशा-निर्देश।
**Guidelines for uploading the attachments**

क. छायाचित्र और हस्ताक्षर जेपीईजी प्रारूप में स्कैन किये जाने चाहिए। सुनिश्चित करें कि स्कैन की गयी छवि का आकार 1 एमबी से अधिक नहीं है।
a. The photograph and signature should be scanned in .jpeg format. Ensure that the size of the scanned image is not more than 1 MB.

ख. संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान-पत्र और प्रायोजक संस्थान/महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय से निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र पीडीएफ फार्मेट में स्कैन किये जाने चाहिए। सुनिश्चित करें कि स्कैन किये गये दस्तावेज का आकार 5 एमबी से अधिक नहीं है।
b. The Identity card issued by institution/college/University and Certificate from the sponsoring institution/college/university in the prescribed format should be scanned in .pdf format. Ensure that the size of the scanned document is not more than 5 MB.

20. उपयुक्त संलग्नकों के बिना प्रस्तुत आवेदन पूरी तरह से अस्वीकृत किये जाने योग्य हैं।
Applications submitted without proper attachments are liable to be summarily rejected.

21. आईआरडीएआई, प्रत्याशियों के प्रति, जो आईआरडीएआई के नियंत्रण से बाहर किसी भी कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे, कोई उत्तरदायित्व वहन नहीं करता है।
IRDAI does not assume any responsibility for the candidates not being able to submit their applications within the last date on account of or for any reason beyond the control of IRDAI.

22. सभी पत्राचार ई-मेल द्वारा किये जाएँगे। इसलिए सभी प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि सही ई-मेल पता उपलब्ध कराएं और आईआरडीएआई से अद्यतन जानकारी के लिए अपने ई-मेल नियमित रूप से चेक करें।
All correspondence will be made through Email. Therefore, all the candidates are advised to provide correct e-mail address and check their e-mails regularly for any updates from IRDAI.

23. आईआरडीए किसी भी आधार पर अधिसूचना पूरी तरह से या आंशिक रूप से, रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
IRDAI reserves the right to cancel the notification fully or partly on any grounds.

24. शुद्धिपत्र : कृपया नोट करें कि उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में जारी शुद्धि-पत्र, यदि कोई, केवल आईआरडीएआई के वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
**Corrigendum**: Please note that Corrigendum, if any, issued on the above advertisement, will be published only on the IRDAI's website.

25.आवेदन पत्र, दाखिल करने के संबंध में किसी स्पष्टीकरण/प्रश्न के मामले में विद्यार्थी internship@irdai.gov.in को लिख सकते हैं।
In case of any clarification/query regarding filling up the application form, students can write to internship@irdai.gov.in

अनुलग्नक / **Annexure** -1

प्रायोजक संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र का प्रारूप
**Format of Certificate from sponsoring Institution/College/ University**

हम प्रमाणित करते हैं कि जन्मतिथि और शैक्षणिक योग्यताओं के संबंध में विद्यार्थी द्वारा दी गयी जानकारी की हमारे रिकार्ड से जाँच की गयी है और सत्य एवं सही पायी गयी है। आईआरडीएआई में इंटर्नशिप के लिए, उसके द्वारा आवेदन करने के प्रति हमे कोई आपत्ति नहीं है।
We certify that the information furnished by the student in respect of date of birth and educational qualificationsare verified from our records and found to be true and correct. We have no objection in him/her applying for internship in IRDAI.

स्थान / Place : प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर Signature of the Authorized person

दिनांक / Date:
नाम /Name ( )

(संस्थान की सील / Seal of the Institution)